## एक नजर में

### तारणहार हनुमान मंदिर का महोत्सव आज से



**सारंगपुर 24 मई, सं.** श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा के दिव्य आलोक से आलोकित न्यायालय परिसर स्थित श्री तारणहार हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला द्विदिवसीय वार्षिक स्थापना महोत्सव आज से भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा के साथ प्रारंभ हो रहा है. मंदिर परिसर विशेष सज्जा, धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित दिखाई दे रहा है. महोत्सव के प्रथम दिवस प्रात:कालीन शुभ बेला में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य समस्त देवी-देवताओं का विधिवत आवाहन, स्थापना एवं पूजन होगा. तत्पश्चात प्रधान पीठाधीश्वर भगवान तारणहार हनुमान का विशेष पूजन-अर्चन कर श्रीरामचरितमानस का पूजन किया जाएगा तथा अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा. रामचरितमानस का पाठ भारतीय संस्कृति में केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मर्यादा, आदर्श, कर्तव्य और भक्ति का जीवंत विश्वविद्यालय माना जाता है. मान्यता है कि जहां रामकथा का श्रवण और पाठ होता है, वहां स्वयं पवनपुत्र हनुमान अदृश्य रूप से उपस्थित होकर भक्तों पर कृपा बरसाते हैं. महोत्सव के दूसरे दिवस, मंगलवार 26 मई को ब्रह्ममुहूर्त में भगवान तारणहार का विशेष सांगोपांग पूजन-अर्चन एवं वैदिक अभिषेक संपन्न होगा. महोत्सव के समापन अवसर पर सायं 7.30 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा. दीपों की ज्योति, घंटों की अनुगूंज, शंखनाद और जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठेगा. इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे.

### चोरी किया गया 5 बोरी गेहूं जप्त



**ब्यावरा 24 मई, का.** एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया 5 बोरी गेहूं जप्त किया गया है. 18 मई को फरियादी बद्रीलाल पिता रामचरण खाती निवासी ग्राम निपानियागढी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर 1 बजे करीबन दो अज्ञात व्यक्ति फरियादी की पिकअप वाहन मे रखे 5 बोरी गेहू कीमती 12 हजार रुपये चोरी कर ले गये है. आरोपी की पतारसी हेतु सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर आरोपी धर्मेन्द्र जाटव पिता रामचंदर जाटव निवासी बगूची मोहल्ला नरसिंहगढ से बारीकी से पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपने राजेन्द्र दांगी पिता चंदरलाल दांगी निवासी बाडलिया बना के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया व आरोपी राजेन्द्र पिता चंदरलाल दांगी निवासी पाडलिया बना से चोरी गये 5 बोरी गेहूं कीमती 12000 रुपये जप्त किया.



# धूमधाम से मनेगा भागीरथी का अवतरण दिवस

**ब्यावरा में मां गंगा मंदिर पर होगी महाआरती, निकलेगी विशाल शोभायात्रा राजगढ़ में नेवज नदी किनारे होगी पूजा**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 24 मई, सं. आगामी गंगा दशमी पर्व के मद्देनजर नगर परिषद द्वारा पर्व के पूर्व गाड गंगा नदी की स्वच्छता और घाटों के सौंदर्यानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घाटों की गहन सफाई, रंग-रोगन और पुताई का कार्य किया गया ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण मिल सके.** घाटों से प्लास्टिक, कचरा और गाद हटाने के लिए विशेष सफाई कर्मियों की टीम तैनात की गई. वही नदी के पानी को स्वच्छ करने के लिए नाव के माध्यम से नदी से कचरा सामग्री निकालने का कार्य किया जा रहा है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढ़ियों, रेलिंग और घाट के आसपास के स्थानों की रंगाई-पुताई करके उन्हें आकर्षक बनाया गया. नगर परिषद के द्वारा गाड़ गंगा नदी पर गंगा दशमी के पावन पर्व पर गणगौर घाट पर 25 मई सोमवार को शाम 7 बजे भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है.

# हाइवे पर दरारें, साइडों में ढह रहीं नालियां

## घटिया नाली निर्माण, पहली बारिश में खुल जाएगी पोल, निर्माण के दौरान ही बिखर रही हैं नालियां

नवभारत न्यूज

**तलेन/सण्डावता 24 मई, सं. जिले में दो प्रमुख स्टेट हाईवे का निर्माण जारी है. इनमें भोपाल से तलेन होकर मऊ पड़ाना हाईवे और सारंगपुर-सण्डावता हाईवे शामिल है. दोनों ही हाईवे सीसी रोड़ के बनाए जा रहे है. लेकिन इनके निर्माण की गुणवत्ता में भारी अनदेखी की जा रही है. महज सीमेंट लगाकर परत बनाने की औपचारिकता इस हाईवे पर रफ्तार से गुजरने वालों की जान पर आफत बन सकती है. सरकारी पैसे की बर्बादी का खुला उदाहरण बन चुके इन हाईवे पर विभाग के जिम्मेदारों को झांकने की फुर्सत तक नहीं है. आलम यह है कि इनके बारे में जानकारी लिए जाने पर वे अनजान बन जाते हैं और हर बार की तरह जांच का नपातुला जवाब पकड़ा देते है.** सारंगपुर-सण्डावता हाईवे के बीच बड़ी बड़ी दरारें बन चुकी है जबकि तलेन से होकर पडाना जाने वाले हाईवे के किनारों पर बनने वाली नाली की दीवारें बनने से पहले ढहने लगी है. ऐसे में किस गुणवत्ता से ये सड़कें बनीं है समझा जा सकता है.

**ये धरती नहीं फटी है, सड़क और नाली निर्माण किया है**





### सारंगपुर सडावता रोड पर 4 इंच चौड़ी और गहरी दरारें

**संडावता 24 मई, सं.** सारंगपुर से संडावता को जोड़ने वाली 30 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों हादसों का केंद्र बन गई है. सारंगपुर- सडावता सड़क में गहरी दरारें और गैप अब बाहर चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं. जिम्मेदार विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि आए दिन लोग हादयों का शिकार हो रहे है. लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है. हालत यह है कि सड़क पर सफर करने वाले दोपहिया वाहन चालक हर पल जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर है. जिससे हादसों का डर बना हुआ है. इसके पहले भी यह दूरी बड़ने पर उसमें मटेरियल डलवाकर उसको ठीक किया गया था. टू लेन पर जगह-जगह दरारों के कारण यह मार्ग दो हिस्सों में बट गया ऐसा प्रतीत होता है. 30 किलोमीटर लम्बे इस सीसी रोड पर कई स्थानों पर 4 से 5 इंच की दरारे आ गई. जिसमें दो पहिया वाहन चालकों को असंतुलित होकर गिरने का भय बना रहता है. भ्याना-सण्डावता-लीमा चौहान के बीच मार्ग की दुर्दशा देखी जा सकती है. आये दिन बाइक सवार के पहिए दरार में फस जाने के असंतुलित होकर गिर रहे है. इस लिंक रोड के माध्यम से नेशनल हाईवे आगरा बॉम्बे पर से गुजरने वाले वाहन पचोर सोयत मार्ग पर सण्डावता से संपर्क शील होकर सीधे राजस्थान जा रहे हैं.

### मऊ तलेन सड़क में नालियों में भी घटिया निर्माण

**तलेन 24 मई, सं.** लगातार विवादों में रहने वाला महू पड़ाना तलेन मार्ग पर बनने वाली नालियां भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है. नगर में पहले से तलेन, महू पढ़ाना सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते आए हैं. सड़क निर्माण के बाद अब नगर में शुजालपुर नाके से सारंगपुर नाके तक इस मार्ग पर नालियों का निर्माण किया जा रहा है नगर में नाली निर्माण की गुणवत्ता पर इसके निर्माण के साथ ही सवाल उठने प्रारंभ हो गए थे हैं. बिना फिनिशिंग, बिना नापतोल के नाली का निर्माण किया गया है. नाली के निर्माण में घटिया समाग्री का उपयोग किया जा रहा है जिस कारण से नालियों के सरिये बहार नजर आने लगे है. नियम अनुसार सड़क से ढाई मीटर पेवर ब्लॉग के बाद नाली निर्माण होना चाहिए था. लोक निर्माण विभाग के दीपक उपाध्याय ने मामले में जांच करवाने की बात कही है.




# नीट परीक्षा के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 मई, का. नीट परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के विरोध में एनएसयूआई और कांग्रेस कमेटी ने आज ब्यावरा शहर में शाम को मोबाईल मशाल जुलूस निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया है. पुरजोर विरोध प्रदर्शन करते हुए एक सभा का आयोजन भी किया जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विधायक रामचंद्र दांगी, जिला इंकाध्यक्ष चंदर सिंह सौधिया, राजगढ़ के पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री रचना भार्गव, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, मण्डल अध्यक्ष ब्यावरा पुष्पेंन्द्र पाराशर सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए.**

सभी ने नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में केंद्र सरकार के मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्र सरकार का घेराव करते हुए नारेबाजी की. साथ ही इस पूरे मामले के निष्पक्ष जांच की मांग की है. कांग्रेसजनों ने कहा कि नीट परीक्षा में इस प्रकार पेपर का लीक होना शिक्षातंत्र की हत्या है. साथ ही उन विद्यार्थियों के साथ अन्याय है जो कड़ी मेहनत कर इस परीक्षा की पात्रता के लिए तैयारी करते हैं. अपने भविष्य की आशाएं प्रज्वलित करते हैं. साथ ही उन्होंने उन माता-पिताओं की तरफ से भी न्याय की मांग की है जो अपने बच्चों को नित जैसी परीक्षा की तैयारी के लिए लाखों रुपए खर्च कर बड़े-बड़े कोचिंग संस्थानों में भेजते है. काफी मेहनत मशक्कत और समय के बाद इस तरह की परीक्षाकी तैयारी करवाते है. इस परीक्षा से उज्जवल भविष्य की आस लेकर मध्यम वर्ग सर्वाधिक मशक्कत मेहनत करता है. मध्यम वर्गीय परिवार अपनी जरूरतों में कटौती कर पैसा जमा करता है, महंगे कोचिंग संस्थानों में अपने बच्चों को पढ़ाता है और उसके बाद इस प्रकार के भ्रष्टाचार से उसकी आस टूट जाती है. आम आदमी का केन्द्र की भाजपा सरकार से भरोसा उठ रहा है.

# चौपाइयों के साथ लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रभावी मंचन

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 24 मई, सं. समीप ग्राम मगराना में हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में ग्रामीण जनों के सहयोग से चल रही रामलीला के मंचन ने शनिवार रात्रि को भक्तिमय माहौल बना दिया. मंच पर लक्ष्मण-परशुराम संवाद और सीता स्वयंवर जैसे प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े. आयोजन की खास बात यह रही कि यहाँ कलाकारों के लिए सबसे कठिन परीक्षा रामायण की संस्कृत चौपाइयों को सरल हिंदी में रूपांतरित कर सुनाना है. मंचन कर रहे कलाकारों ने बताया कि इस कार्य के लिए उन्हें एक-दो दिन पहले से ही कड़ी मेहनत करनी पड़ती है.**

कलाकारों ने अपनी तैयारी को बोर्ड परीक्षा से जोड़ा. एक कलाकार ने कहा, जिस तरह बोर्ड परीक्षा के दौरान दिन-रात तैयारी में जुटे रहते हैं, ठीक वैसे ही हम दिन भर चौपाइयों का हिंदी में रूपांतरण तैयार करते हैं. मंच पर एक भी त्रुटि न हो, इसका पूरा ध्यान रखना पड़ता है.

### ग्रामीण सहयोग से जीवंत हुई परंपरा

हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में चल रहा यह धार्मिक आयोजन पूर्णत: ग्रामीण जन सहयोग पर आधारित है. आयोजकों का कहना है कि इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों और भाषा की गहराई से जोड़ना है.

संस्कृत चौपाइयों को हिंदी में ढालकर सुनाने की परंपरा दर्शकों को कथा से सीधे जोड़ देती है. शनिवार रात्रि की प्रस्तुति में परशुराम के क्रोध और लक्ष्मण के निर्भीक उत्तरों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. सीता स्वयंवर में राम द्वारा धनुष भंग के दृश्य पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा.

## बिजली कटौती से ग्रामीण अंचलों में हाहाकार

**पड़ाना 24 मई, सं.** ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती ने अब लोड मैनेजमेंट का नकाब उतार फेंका है. असलियत ये है कि ये सीधा-सीधा जनता को तड़पाने का सरकारी फरमान बन चुका है. भयंकर गर्मी में जब पारा 45 पार कर रहा है, तब आधी रात और दोपहर में अघोषित कटौती ग्रामीणों के लिए नरक से कम नहीं. बच्चे बिलख रहे हैं, बुजुर्ग तड़प रहे हैं, और खेतों में मोटरें सूखी पड़ी हैं. पानी की किल्लत से हाहाकार मचा है.

# यज्ञ की परिक्रमा परंपरा के साथ सेहत और शांति का वरदान

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 24 मई, सं.** समीप ग्राम चतत्रखेड़ी में आयोजित श्रीराम पंचकुंडीय महायज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है. महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं. यज्ञ स्थल पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है. यज्ञाचार्य पंडित दीपक शर्मा ने परिक्रमा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ को सर्वोच्च कर्म माना गया है. ऋषियों ने यज्ञ को सर्वकामधुक अर्थात सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला कहा है और यज्ञ की जाने वाली परिक्रमा भी उतनी ही फलदायी मानी गई है. स्कंद पुराण और गरुड़ पुराण के अनुसार यज्ञ की अग्नि में समस्त देवताओं का वास होता है. यज्ञ की परिक्रमा करने से 33 कोटि देवी-देवताओं का आशीर्वाद एक साथ प्राप्त होता है. ग्रह दोष शांत होते हैं और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है. परिक्रमा के दौरान उच्चारित मंत्रों की ध्वनि तरंगें और परिक्रमा की लयबद्ध गति मस्तिष्क को शांत करती है. इससे तनाव, बेचैनी और अनिद्रा में राहत मिलती है. नियमित परिक्रमा से एकाग्रता और सकारात्मक सोच बढ़ती है. शास्त्रों के अनुसार कम से कम तीन परिक्रमा का विधान है जो त्रिदेव को समर्पित हैं, वहीं विशेष कार्य सिद्धि के लिए सात या ग्यारह परिक्रमा की जाती हैं. परिक्रमा हमेशा बाएं से दाएं, यानी घड़ी की दिशा में करनी चाहिए. इस दौरान मौन रहना या भूर्भुव: स्व: अथवा गायत्री मंत्र का जाप करना श्रेष्ठ माना गया है.



# खिलचीपुर में मदिरा दुकानों की चेकिंग, मिलीं अनियमितताएं

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 22 मई, सं.** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में आबकारी विभाग ने शुक्रवार को कंपोजिट मदिरा दुकान खिलचीपुर पर अचानक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की. निरीक्षण के दौरान दुकान में कई अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने विभागीय प्रकरण कायम किया. कार्रवाई से मदिरा विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति बन गई. यह कार्रवाई आबकारी वृत्त खिलचीपुर के वृत्त प्रभारी अंकित चौहान के नेतृत्व में की गई. निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने दुकान में उपलब्ध मदिरा का परमिट के अनुसार मिलान किया और बिक्री व स्टॉक से संबंधित दस्तावेजों की जांच की. जांच के दौरान रिकॉर्ड और व्यवस्थाओं में अनियमितताएं सामने आने पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया. आबकारी विभाग ने लाइसेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दुकान का संचालन मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 तथा शासन द्वारा जारी आदेशों और नियमों के अनुरूप ही किया जाए. अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मदिरा बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रखने और दुकान के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए.




**सम्मान** जीरापुर में जिले की सभी 12 शाखाओं के पेंशनरों का सम्मान समारोह आयोजित

# पेंशनर केवल रिटायर्ड कर्मचारी नहीं, समाज के पालक रहे हैं

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 24 मई, सं. स्थानीय भावसार समाज धर्मशाला में पेंशनर संघ के तत्वाधान में पेंशनर जिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. जहां पर नए पेंशनर का स्वागत तथा स्थानीय तथा जिले के अतिथि पेंशनर का को सम्मानित किया जाएगा. समस्त पेंशनरों को उपरना शाल एवं वाटर बांटल भेंटकर सम्मानित किया गया इतना ही नहीं अपितु पेंशनर संघ के आयोजन में हर समय सहयोगियों के रूप में सेवाएं प्रदान करने वाले युवा वर्ग, शिक्षक सहित जिले भर से आए समस्त पेंशनर एवं जिले की बारह शाखाओं के अध्यक्ष का सम्मान भी किया गया.**



जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दिनेशकुमार नागर जिला अध्यक्ष पेंशनर संघ ने विशेष अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह अतिथि पूर्व बीईओ जगदीश वैरागी, सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक ठाकुर मोहनसिंह जमींदार सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक भैरवलाल गुप्ता, एडवांस किड्स एकेडमी स्कूल डायरेक्टर गिरीराज गुप्ता गोघटपुर वाले, प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले, प्रोफेसर गिरीश गुप्ता चौधरी सेवानिवृत्त प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि पेंशनर संघ के प्रति पुरे समर्पित पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद के बारे में कहा कि ऐसे समर्पित व्यक्ति मुश्किल से मिलते हैं जिनके द्वारा दिन-रात पेंशनर के लिए तत्परता से सेवाऐ दे रहे हैं.

चाहे केसा भी पेंशनर का काम हो वह करते हैं, इस दौरान उन्होंने घोषणा कि आगामी वर्ष में पेंशनर संघ की भोजन व्यवस्था का सम्पूर्ण खर्च की जिम्मेदारी हमारी याने राधावल्लभ गुप्ता, गिरीश गुप्ता चौधरी, रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले की रहेगी.

जिला अध्यक्ष पेंशनर संघ राजगढ़ दिनेश चन्द्र नागर पेंशनर संघ महिला मंडल अध्यक्ष रश्मि तिवारी राजगढ़, सेवानिवृत्त आयुक्त सुरेशचंद्र गुप्ता, प्रांतीय संगठन सचिव अमरसिंह बीकावत नरसिंहगढ़ ने वेतनमान सम्बंधित जानकारी दी तथा कहा कि सरकार पेंशनर के लिए काम कर रही है वैसे भी छह लाख तेरह हजार पेंशनर मध्य प्रदेश में है हमने सरकार को बता भी दिया है कि हम विधायक बना सकते हैं ओर हरा भी सकते हैं.

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कहा कि पेंशनर संघ का जिला सम्मेलन एक अनुकरणीय उदाहरण है जिसमें समस्त बुजुर्ग महिला पुरुष पेंशनर जिले भर से आए उनका हम अभिनंदन करते हैं पेंशनर के कोई भी कार्य हो आप बताइए हम सबके अग्रणी होकर करेंगे. संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए वर्ष भर की गतिविधियों से अवगत कराया जिसमें नगर एवं क्षेत्र के समस्त पेंशनरों का सम्पूर्ण पेंशनर सम्बंधित कार्य उसमें सहयोग प्रदान करने आदि की जानकारी दी. वहीं कार्यक्रम के समापन से कुछ समय पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी भी शामिल हुए. उन्होंने सभी पेंशनरों को सम्मान दिया.

इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश सेन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशनर अर्जुनसिंह वात्रे कि पेंशन जमा नहीं होने की समस्या बताकर संगठन से समस्या हल करने की मांग रखीं. समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक गण पं. दिनेश चन्द्र नागर, पं.श्यामसुंदर शर्मा, पं. प्रभुलाल व्यास, सुरेश चन्द्र भावसार, देवीलाल चौहान, रमेशचंद्र चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष पेंशनर उपस्थित रहे.

## माली सैनी समाज की सत्ता में भागीदारी जरूरी

**सारंगपुर 24 मई, सं.** ऑल इंडिया माली सैनी सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार सुबह 11.30 बजे साईं कृष्णा रिसॉर्ट होशंगाबाद नर्मदा पुरम में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन एव मल्यार्पण के साथ मुख्य अतिथियों ने बैठक का शुभआरम्भ किया. मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष माली समाज गौरव डॉ रवि जी सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को देश भर में माता सावित्रीबाई फुले के बताए गए मार्ग पर चलकर बालिकाओ को उच्चशिक्षा दिलवाया जाने का कार्य किया जाए. अतिथि के रूप राज्यसभा संसद माया नारोलिया ने समाज को सम्बोधित किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी ने संबोधित करते हुए महात्मा फुले की 200 वी जयंती वर्ष पर फुले दम्पति को भारत रत्न की मांग को लेकर देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा. उपाध्यक्ष जी पी माली (पूर्व अपर कलेक्टर) ने कहा द्वस्र माली सैनी समाज को सत्ता में भागीदारी जरूरी है.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026